आकाशवाणी श्री विजयपुरम

04.11.2026 समय : 1905

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा अग्निवीरों की सेवा अवधि दो साल बढ़ाने का उद्देश्य युवा, फिट और तकनीकी रूप से सक्षम सेना तैयार करना।

2. QNET–वीहान निवेश धोखाधड़ी मामले में सी आई डी की अपील, ठगी के शिकार निवेशक 20 नवंबर तक सामने आकर दें अपनी जानकारी।

3. एम.वी सेंटिनल की आठ नवम्बर को होने वाली यात्रा रद्द, यात्रियों की सुविधा के लिए एम.वी नॉर्थ पैसेज चलाने का निर्णय।

4. अंडमान–निकोबार के 30 तटीय गांवों में चल रहा सुनामी तैयारी अभियान, निकोबार के मुस गांव में लोगों को किया गया जागरुक।

<><><><><><><>

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अग्निवीरों की सेवा अवधि दो साल बढाए जाने का उद्देश्य युवा, शारीरिक रूप से फिट, तकनीकी रूप से लैस और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार सेना बनाना है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चयन मानदंड पूरा करने वाले सभी इच्छुक अग्निवीरों को चार या छह साल की अपनी सेवा अवधि पूरी करने के बाद इससे नियमित सैनिक के रूप में आवेदन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुरूप सेना को तैयार किया जा सकेगा। जनरल राजा सुब्रमणि ने बताया कि अग्निपथ योजना 14 जून, 2022 को शुरू की गई थी। उस समय यह तय किया गया था कि अग्निवीरों के प्रदर्शन का लगातार मूल्यांकन किया जाएगा और योजना की समय–समय पर समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत भर्ती का दायरा बढ़ा है और देश के लगभग सभी जिलों से अग्निवीरों की भर्ती की जा रही है। भर्ती प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो गई है।

<><><><><><><>

QNET और वीहान कंपनी से जुड़े कथित निवेश धोखाधड़ी मामले में सी आई डी पुलिस ने निवेशकों और पीड़ितों से सामने आकर जानकारी देने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, लोगों को नियमित कमाई, कमीशन और अधिक मुनाफे का लालच देकर इस व्यवसाय से जोड़ा गया था। कुछ लोगों ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये तक निवेश किए। कई लोगों को अपनी रकम वापस लेने में भी परेशानी हुई। इस मामले में 14 अक्टूबर को एफ आई आर दर्ज की गई है। पुलिस ने सभी निवेशकों और संबंधित जानकारी रखने वाले लोगों से 20 नवंबर तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सी आई डी कार्यालय, श्री विजयपुरम में उपस्थित होने की अपील की है। निवेशकों से बैंक स्टेटमेंट, भुगतान रसीद, फंड रिसीप्ट सर्टिफिकेट और अन्य संबंधित दस्तावेज साथ लाने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए जांच अधिकारी से 9476–092–160 या थाना प्रभारी 9474–290–250 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से 8 नवंबर को राजधानी श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान के लिए सुबह 8 बजे रवाना होने वाले जहाज एम वी सेंटिनल की यात्रा रद्द कर दी गई है। इसी दिन लिटिल अंडमान से रात 8 बजे होने वाली वापसी यात्रा भी रद्द रहेगी। इस यात्रा के टिकट लेने वाले यात्रियों को टिकट रद्द कर पूरी राशि वापस लेने की सलाह दी गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए इसी दिन एम वी नॉर्थ पैसेज की अतिरिक्त सेवा की व्यवस्था की गई है। यह जहाज 8 नवंबर को सुबह साढ़े छ बजे फीनिक्स बे जेट्टी से लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा और उसी दिन दोपहर 1 बजे श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। एम वी नॉर्थ पैसेज के टिकट 6 नवंबर को सुबह 9 बजे से उपलब्ध होंगे। यात्री DSS के

ई–टिकटिंग पोर्टल **dss.andamannicobar.gov.in** या **STARS** टिकट काउंटरों से टिकट बुक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जिला प्रशासन, निकोबार की ओर से आज कार निकोबार के मुस गांव स्थित सामुदायिक भवन में सुनामी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को सुनामी के खतरे और आपदा से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम प्रशासन के सुनामी तैयारी अभियान के तहत आयोजित किया गया, जो अंडमान–निकोबार के 30 चिन्हित तटीय गांवों में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में लोगों को सुनामी के प्राकृतिक संकेतों, चेतावनी प्रणाली, सुरक्षित स्थानों, निकासी मार्गों और आपातकालीन सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। यह अभियान आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, हैदराबाद और जिला प्रशासनों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुनामी जैसी आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे कमल बस्ती स्थित सामुदायिक सभागार में तहसीलदार राजी कोल्लम की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय लोगों की कई समस्याओं और मांगों को उठाया गया। इनमें एस टी एस की नई बसें उपलब्ध कराने, आइलैंडर कार्ड का नवीनीकरण, गांधी नगर में अग्निशमन केंद्र स्थापित करने, कृषि कार्यों के लिए नया ट्रैक्टर उपलब्ध कराने और कैंपबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में थायरॉइड का इलाज शुरू करने की मांग शामिल रही। इसके अलावा ग्रेट निकोबार परियोजना के तहत भूमि या संपत्ति के राजस्व रिकॉर्ड में मालिकाना नाम का बदलाव दर्ज करना, प्रभावित किसानों को जमीन के बदले जमीन देने, आवासीय भूखंडों का उचित आकार रखने तथा सैनिक सराय के कमरों को पूर्व सैनिकों को सौंपने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार ने सभी समस्याओं का समाधान के लिए उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है। बैठक में पंचायत प्रमुख, मृदा सहायक निदेशक, वरिष्ठ पशु चिकित्सक, जनजातीय परिषद के सदस्य सहित विभिन्न पंचायतों के प्रधान और विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ की ओर से राज्यस्तरीय ओपन रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 14 और 15 नवंबर को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी होगी। 14 नवंबर को रैपिड और 15 नवंबर को ब्लिट्ज मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों वर्गों में नौ–नौ राउंड होंगे। पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 नवंबर है।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित चिंते फायरिंग रेंज में कल विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के करीब 200 एन सी सी कैडेटों ने फायरिंग अभ्यास में भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य कैडेटों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। प्रशिक्षित एन सी सी प्रशिक्षकों और अधिकृत अधिकारियों की देखरेख में कैडेटों को फायरिंग के बुनियादी तौर–तरीकों, हथियारों की सुरक्षा और सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।

<><><><><><><>